**PROPOSED CONSTRUCTION OF BLOCK CUM CIRCLE OFFICE COMPLEX AT GAYGHAT, DISTRICT MUZAFFARPUR FOR THE YEAR 2025-26. (ELECTRIFICATION INCLUDING) Tender id- 117260 का निर्माण कार्य (विद्युत कार्य सहित) से संबंधित निविदा के तकनीकी बीड निष्पादन हेतु विभागीय निविदा समिति की दिनांक–22.01.2026 को आहूत बैठक की कार्यवाही:–**

---

उपस्थिति:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | – | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–<br>विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | – | **सदस्य** |
| (iii) | **ई0 रामाज्ञा कुमार,**<br>मुख्य अभियंता (उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | **सदस्य** |
| (iv) | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आन्तरिक, वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | – | **सदस्य** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **योजना का नाम** | – | PROPOSED CONSTRUCTION OF BLOCK CUM CIRCLE OFFICE COMPLEX AT GAYGHAT, DISTRICT MUZAFFARPUR FOR THE YEAR 2025-26. (ELECTRIFICATION INCLUDING) Tender id- 117260 |
| 2. | **योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि** | – | ₹16.621 करोड़ (ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक–3556556 दिनांक–10.01.2025) |
| 3. | **तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि (असैनिक कार्य+ विद्युतीकरण कार्य सहित)** | – | ₹14,64,61,873/– {मुख्य अभियंता (नि0) का पत्रांक–1025 अनु0 दिनांक–12.07.2025} |
| 4. | **योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि** | – | ₹14,47,48,525/- |
| 5. | **निविदा आमंत्रण की तिथि** | – | 25.09.2025 |
| 6. | **निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि** | – | 29.10.2025 |
| 7. | **निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि** | – | 30.10.2025 |
| 8. | **प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय** | – | दिनांक–15.10.2025 को 3:00 बजे मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक–10.10.2025 को 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | **कार्य समाप्ति की अवधि** | – | 12(बारह) माह |
| 10. | **निविदा प्रसारण का माध्यम** | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | **निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम** | – | हिन्दुस्तान, दिनांक–04.10.2025 |
| 12. | **प्रकाशन का पी0आर0 संख्या** | – | 016311(भवन)2025–26 |

13. **निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता** -
- (i) M/s Rajeev Kumar Choudhary, At- Sadpura Colony, Muzaffarpur, Bihar
- (ii) M/s R S Construction, Corporate House, Ram Krishna Nagar, Hemra Road, Ward Number 20, Begusarai, Bihar
- (iii) Kumari Lalita Singh, At Village- Basantpur, Karwandiya, Distt- Rohtas, Bihar

14. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षाः-**

**प्रथम बार आमंत्रित निविदाः**-विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार द्वारा भाग लिये जाने के कारण वित्त विभाग के अधिसूचना सं0-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक में इस निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

**द्वितीय बार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान में):-** विषयांकित कार्य हेतु द्वितीय बार प्राप्त निविदा में उपरोक्त तीन निविदाकार द्वारा भाग लिया गया। उक्त सभी निविदाकारों का तकनीकी बीड अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, मुजफ्फरपुर का पत्रांक-1144 अनु0 दिनांक-03.11.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त सभी निविदाकारों तकनीकी बीड के अभिलेख का मूल्यांकन इस शर्त के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया कि निविदाकारों द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच हेतु भेजे गये अभिलेख में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली पाये जाने संबंधित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होती है तो उक्त निविदाकार के विरुद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत कार्रवाई की जायेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मूल्यांकनोंपरांत पाया गया कि:-

(i) प्रथम निविदाकार "M/s Rajeev Kumar Choudhary, At- Sadpura Colony, Muzaffarpur, Bihar " हैं। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में **"रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"सफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(ii) द्वितीय निविदाकार "M/s R S Construction, Corporate House, Ram Krishna Nagar, Hemra Road, Ward Number 20, Begusarai, Bihar " है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोंपरांत पाया गया कि निविदाकार द्वारा SBD की कंडिका-4.5B(a) में Plants and equipments के अन्तर्गत Vibrator (Plate & Niddle)- (age-5 Y) से संबंधित Invoice की प्रति इस कार्यालय के पत्रांक-5269 दिनांक-02.12.2025 द्वारा सत्यापन हेतु भेजा गया। जिसके जवाब में दिनांक-03.12.2025 को प्राप्त ईमेल के माध्यम से Teel-saif tools Cor. patna द्वारा यह बताया गया कि Tax Invoice अवैध है तथा गलत तरीके से तैयार किया गया है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5B(a) में **"नॉन-रिस्पॉन्सिव"** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **"असफल"** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iii) तृतीय निविदाकार "Kumari Lalita Singh, At Village-Basantpur, Karwandiya, Distt-Rohtas, Bihar" है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के अन्तर्गत विद्युतीकरण कार्य हेतु Sublet किये गये ऐजेंसी का संलग्न अनुभव प्रमाण पत्र में निविदा में मांगी गयी न्यूनतम अहर्त्ता की राशि ₹1,11,28,045/- के विरूद्ध ₹42,10,332/- मात्र है। अतः इन्हें एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) में **''नॉन-रिस्पॉन्सिव''** पाया गया एवं तकनीकी बीड में **''असफल''** घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

15. **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णयः-</u>**

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस निविदा में भाग लिये **तीन निविदाकार में से एकमात्र निविदाकार** (i) "M/s Rajeev Kumar Choudhary, At- Sadpura Colony, Muzaffarpur, Bihar" को तकनीकी बीड में **''सफल' एवं अन्य दो निविदाकार** (i) "M/s R S Construction, Corporate House, Ram Krishna Nagar, Hemra Road, Ward Number 20, Begusarai, Bihar" एवं (ii) "Kumari Lalita Singh, At Village-Basantpur, Karwandiya, Distt-Rohtas, Bihar" **को असफल** घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। साथ ही उक्त अनुशंसा पर सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया। तद्लोक में मुख्य अभियंता (उत्तर) अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

16. **<u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>**

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक-20.01.2026 को हुई तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी। इस कार्यवाही को दिनांक-28.01.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न तक दावा/आपत्ति हेतु विभागीय बेवसाईट पर रखा जाय। यदि निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार की दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मुख्य अभियंता (उत्तर) तकनीकी बीड में सफल निविदाकार के वित्तीय बीड पर अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार<br>भ0नि0वि0, पटना। | (रामाज्ञा कुमार)<br>मुख्य अभियंता(उत्तर)<br>भ0नि0वि0, पटना। | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | (कुमार रवि)<br>सचिव<br>भ0नि0वि0, पटना। |
|---|---|---|---|

**मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय**

**<u>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।</u>**

ज्ञापांक- भ0उ0वि0/यो0(मुज0)-97/2025 671 पटना, दिनांकः- 22/1/2026

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (उत्तर)।